सड़क दुर्घटनाओं के तुलनात्मक अध्ययन से प्रभावी सड़क सुरक्षा प्रबंधन करें : सुराणा

- परिवहन विभाग ने 315 बाल वाहिनियों की जांच की, 08 बसों को किया सीज, 219 वाहनों का पंजीयन निलंबित
- कलेक्टर अभिषेक सुराणा व एसपी जय यादव ने सड़क सुरक्षा की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व एसपी जय यादव ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में सडक सुरक्षा बैठक में अधिकारियों को सडक सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के तुलनात्मक अध्ययन से प्रभावी सड़क सुरक्षा प्रबंधन करें। सडक सुरक्षा से जुडे सभी विभागों के अधिकारी अपनी विभागीय गतिविधियों का समुचित एनालिसिस करते हुए समयबद्ध ढंग से संपादित करें। इसी के साथ सभी एजेंसियां रोड सेफ्टी ऑडिट करवाएं व रिपोर्ट प्रस्तुत करें और ऑब्जर्वेशन पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग चलने वाले वाहनों व बिना फिटनेस चलने वाली बाल वाहिनियों पर कार्रवाई करें। टोल प्लाजा पर नियमित रूप से नेत्र जांच शिविर आयोजित कर आमजन को सडक सुरक्षा के बारे में जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों की सामूहिक भागीदारी से सडक दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करें। सडक दुर्घटनाओं के कारणों को जानने के बाद उनके निराकरण की दिशा में प्रयास करें। सभी विभाग अपेक्षित गतिविधियां पूरी करें। इसी के साथ सडक सुरक्षा फंड के उपयोग के लिए आवश्यक प्रस्ताव भिजवाएं।

उन्होंने जिले में हुई सडक दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए अधिकतम सडक दुर्घटनाओं वाले स्थानों पर दुर्घटना के कारणों पर चर्चा करते हुए अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसपी जय यादव ने कहा कि रोड इंजीनियरिंग का विशेष ख्याल रखें। सडक दुर्घटनाओं का अहम कारण रोड इंजीनियरिंग में रही खामियां है। इन खामियों को दुरूस्त करें तथा हम सभी को सडक हादसों की रोकथाम के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को सम्मानित करें।

मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले भले व्यक्तियों को पुरस्कार स्वरूप 10 हजार रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के समन्वय से ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक कर ड्राइव करने वालों व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें।

उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए सडक दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सडक सुरक्षा के लिहाज से रिडकोर, आरएसआरडीसी, एनएचएआई इत्यादि रोड ऑनिंग एजेंसी सडकों पर आवश्यक मार्किंग, इल्यूजन ब्रेकर, साइनेज आदि लगाने, सड़कों के किनारे कंटीली झाडियों, कचरे के डिपो, अवांछित सामग्री आदि को हटाने, सडक सुरक्षा ऑडिट करवाने, स्पीड ब्रेकर बनवाने, रोशनी व ब्लैक स्पॉट चिन्हीकरण करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

संबंधित विभागों व एजेंसियों के अधिकारियों ने सडक सुरक्षा को लेकर की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी। इस दौरान डीवाईएसपी सुनील झाझडिया, प्रशिक्षु आरएएस साक्षी पुरी, सानिवि एसई पंकज यादव, डीटीओ नरेश कुमार, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा सहित एनएचएआई, एआईआरडी, रिडकोर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

बिजली, पानी, साफ-सफाई व्यवस्था की मांग

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से सोमवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने धार्मिक आस्था को लेकर रमजान महीने में बिजली, पानी, साफ सफाई एवं रोशनी की मुस्लिम मोहल्लों में मस्जिदों के सामने समुचित व्यवस्था करवाये जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि रमजान मुबारक का पाक महीना शुरू हो गया है। इस पूरे महीने में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा अल्लाह की बारगाह में रोजा रख कर मस्जिदों व घरों में सच्ची इबादत करते है। रोजेदारों के लिए संबंधित व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाने के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित करवाया। मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने रमजान महीने में गरीब परिवार के लोगों को इमदाद दिए जाने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की है कि खुदा की बारगाह में अपनी जान माल की हिफाजत के लिए जकात फितरा, खैरात, सदका सही लोगों की पहचान कर के तकसीम करें।

सार-समाचार

विद्यालय में अलमारी भेंट की

रतनगढ़ (निसं)। हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने सोमवार को ग्राम बुधवाली के महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एक अलमारी भेंट की। समिति अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपनी सुपौत्री माही दाधीच के जन्मदिन पर विद्यालय में अलमारी भेंट की तथा सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की। पीईईओ गिरधारीलाल स्वामी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सीताराम शर्मा, विशिष्ट अतिथि आरपी नंदलाल स्वामी, सीए सचिन दाधीच, सीए अंजली शर्मा, माही दाधीच, प्रेरक शिक्षक राकेश गहलोत व कैलाश पारीक मंचस्थ अतिथि थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि शर्मा ने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए समाज के विकास में सभी से सहयोग का आव्हान किया। पीईईओ गिरधारीलाल स्वामी ने समिति द्वारा राजकीय विद्यालयों में दिए जा रहे सहयोग को प्रेरणादायक कार्य बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नंदलाल स्वामी, सचिन दाधीच, अंजली शर्मा और राकेश गहलोत ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यवाहक संस्था प्रधान आकाश मोयल ने शाब्दिक स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षक कुलदीप, इंदु यादव एवं विद्यार्थीगणउपस्थित थे। संचालन व्याख्याता राजेंद्र पारीक ने किया।

रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। कस्बे में बाजार में दुकानों के शटर तोड़ने एवं चोरी होने के मामले का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार करने सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करवखने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग को लेकर शनिवार को व्यापारियों ने लक्षमनगढ व्यापार संघ की ओर से ज्ञापन दिया। यहां गणेश मंदिर के पास इकट्ठे होकर दुकानदार कस्बे की शहर चौकी पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक के नाम चौंकी इंचार्ज रामदेव मावलिया को ज्ञापन देकर चोरी हुई राशि बरामद करने, रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने, होमगार्ड की तैनाती करने, बंद पड़े सीसीटीवी को दुरस्त करने सहित दुकानों की सुरक्षा की माकूल व्यवस्था करने की मांग की। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष विष्णु भूत, मंत्री चौथमल नाउवाला व कोषाध्यक्ष रामप्रसाद बनाईवाला के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में व्यापारी मौजूद थे।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। विभिन्न मांगों को लेकर डीवाईएफआई ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसील महासचिव कृष्ण सैनी ने बताया कि पटवारी भर्ती के पदों का वर्गीकरण एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के नियमानुसार करने, सभी युवाओं को तुरंत प्रभाव से पीछे के बकाया सहित नियमित रूप से बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की गई। जिसका लिखित में ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि अगर इन मांगों के ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो भारत की जनवादी नौजवान सभा छह मार्च को आमजन को साथ में लेकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वाले में डीवाईएफआई जिला महासचिव योगेश कटारिया, डीवाईएफआई महासचिव कृष्ण सैनी, डीवाईएफआई अध्यक्ष अजरूद्दीन गहलोत, नगर अध्यक्ष शोयल, उस्मान, मुकेश इत्यादि शामिल थे।

फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को इतिहास विभाग के द्वारा फ्रेशर एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इतिहास विभागाध्यक्षा डॉ. मरियम बानो ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.ए.के. सक्सेना ने की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी तथा खेमचंद फेयरवेल, सरिता, फेयरवेल, शाहरुख, फ्रेशर एवं विजयश्री फ्रेशर रहे। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. कल्याण सिंह चारण ने विद्यार्थियों को भावी जीवन की शुभकामनाएं दी।

सिलाई प्रशिक्षण कौशल केंद्र का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं)। सोमवार को जेबी शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसका शुभारंभ सिंगर कम्पनी की एचआर अल्पना तथा कॉलेज सचिव राजकुमार मोरवाल ने किया। इस अवसर पर रोजगार जिला अधिकारी दयानंद, कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा, जीडीएसडीसी प्रभारी अविनाश राठी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

नशा मुक्ति के लिए 'एंटी ड्रग नॉप टू डॉप' थीम पर मैराथन दौड़ हुई

- 158 बालक बालिकाओं ने भाग लिया, मोहन प्रथम, अमित द्वितीय रहा

झुंझुनूं, (निसं)। युवाओं में बढ़ती नशे की लत की रोकथाम को लेकर विप्र फाउंडेशन, ब्राह्मण समाज, झुंझुनूं नागरिक मंच एवं राजस्थान एथेलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान व झुंझुनूं निवासी दोहा कतर प्रवासी ब्राह्मण समाज के भामाशाह विक्रम मिश्रा के सौजन्य से एंटी ड्रग नॉप टू डॉप थीम पर मैराथन दौड़ का संपन्न हुई। जिसमें 158 धावक बालक बालिकाओं ने भाग लिया। मैराथन दौड़ के माध्यम से सर्व समाज में समानता का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि समाज में बढ़ते नशे को रोकने और इसके दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने के लिए एंटी ड्रग नोप टू डोप थीम थीम पर मैराथन का आयोजन किया गया। जिसको चूणा चौक से खेल अधिकारी राजेश ओला, डॉ. संजय कटेवा, भाजपा नेता मुरारी सैनी, राजकुमार मोरवाल, विनोद सिंघानिया, भाजपा नेता महेश बसावतिया, रामगोपाल महमिया, सुभाष योगी, पवन पुजारी, ललित जोशी, देवेंद्र खत्री, सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट नीरज शर्मा, रमाकांत पारीक ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। दौड़ में प्रथम विजेता रहे मोहन भिवानी, द्वितीय अमित झुंझुनूं, तृतीय वासुदेव झुंझुनूं एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर मंजू एवं द्वितीय स्थान पर शुचिता रही।

अन्य छह धावकों को सांत्वना पुरस्कार जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एएसपी देवेंद्र सिंह, यातायात प्रभारी हरफूल मीणा द्वारा दिया गया। जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन रमाकांत पारीक ने किया। कोच सोनू, संगीता योगी, संदीप योगी सहित झुंझुनूं नागरिक मंच एव ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। महामिया ने बताया कि सुबह आठ बजे चूणा चौक स्थित रामलीला पार्क से शहीद स्मारक तक पहुंचे मैराथन में प्रथम विजेता को नगद पुरस्कार 3100 रुपए, द्वितीय विजेता को 2100 रूपए, तृतीय को 1100 रुपए नगद, बालिका वर्ग में प्रथम द्वितीय सहित आठ प्रोत्साहन पुरस्कार में धावकों को 500-500 रुपए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी धावकों को नशा मुक्ति के संदेश का स्लोगन लिखी टी-शर्ट एवं कैप दी गई।

भजन संध्या आज

नवलगढ़, (निसं)। श्री श्याम मित्र मंडल नवलगढ़ के तत्वावधान में 63वीं विशाल निशान व कलश यात्रा का आयोजन घेर का मंदिर नया बाजार से किया जाएगा। सीताराम बिरोलिया, अनिल मुरारका व देवीदत्त मुरारका ने बताया कि 4 मार्च मंगलवार को रात्रि 08:30 बजे भव्य झांकी दर्शन निशान पूजन व कलश पूजन का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात विशाल जागरण का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के नामी भजन कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी क्रम में पांच मार्च बुधवार को सुबह 8:30 बजे अखंड ज्योत के साथ श्यामस्थ व 521 महिलाओं द्वारा यात्रा व श्याम भक्तों द्वारा 100 निशानों के साथ यात्रा प्रारम्भ होगी। जो पोद्दार गेट, गणेश मंदिर, नानसा गेट, नगरपालिका होते हुए मुरारका कोठी पहुंचेगी। सीताराम बिरोलिया, अनिल मुरारका व देवीदत्त मुरारका ने सभी श्याम भक्तों, माताओं व बहनों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेकर पुण्य के भागी बनने का अनुरोध किया है।

ओलावृष्टी से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग

सादुलपुर, (निसं)। ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को एसडीएम कार्यालय पर किसानों की भीड उमड पडी। तथा मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। शाम चार बजे दी जानकारी में वहीं एसडीएम से वार्ता सफल नहीं होने और संतोष जनक कार्रवाई नहीं करने पर मांगो के समर्थन में 7 मार्च को पिलानी सादुलपुर सडक पर थिरपाली टोल नाके पर चक्का जाम प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

किसान सभा के बैनर तले राजेंद्र खुड्डी की अध्यक्षता में ओलावृष्टी से हुए नुकसान कि गिरदावरी करवाने, सेटेलाइट से खेतो का निर्धारण कर ऋॉप कटिंग करने, बकाया फसल बीमा क्लेम, रबी 2023 मे किसानो कि रद्द कि गयी पॉलिसीयों को वापिस स्वीकृत करने सहित अन्य मांगो को लेकर किसानों ने उपखंड कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। दोपहर बाद राजेंद्र ढाका, रामनिवास पूनिया, मनीराम ढाका, नवीन, दिनेश व कुलदीप आदि ने प्रतिनिधिमंडल के रूप में प्रशासन से वार्ता की। लेकिन वार्ता विफल रही। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए किसान युवा नेता सुनील पूनिया ने कहा कि सरकार जो सेटेलाइट से खेतो का निर्धारण कर ऋॉप कटिंग करना चाहती है वो किसान विरोधी फैसला है। जिस प्रकार सरकार ने खरीफ 2021 का क्लेम का निर्धारण ऋॉप कटिंग को खारिज कर सेटेलाइट से किया तो नुकसान हुआ, रबी 2023 में खेतो का निर्धारण सेटेलाइट से किया तो किसान को नुकसान हुआ। सरकार या तो अपना फैसला वापिस ले या फिर सरकार बताये के सेटेलाइट से किसान को क्या फायदा है। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट के नाम पर सरकार जो कंपनीयों व खुद कि जेब भरना चाहती है तो किसान इसके खिलाफ मजबूती से लडेगा। तथा चौकाने वाली बात ये है कि सरकारों के पास रबी 2017 व 2018 के मामले भी पेंडिंग पडे है ओर सरकारे अपने आप को किसान हितेशी बताती है।

इसी दौरान राजकुमार भोजण, जयसिंह फौजी, होशियार सिंह, श्योलाल फौजी महलाना, जयकरण ग्वालिसर, दिनेश भामासी, सूबेदार राजपाल, नवीन हमीरवास, जयसिंह महलाना, आनंद प्रकाश जैतपुरा ने किसानों से संगठित होकर हक अधिकारों के लिए संघर्ष करने पर बल दिया। मंच का संचालक नरेंद्र पूनिया हमीरवास ने किया।

गौशाला में शिव पुराण कथा का आयोजन कल से

खिरोड, (निसं)। कस्बे की श्रीजी जानकीनाथ गौशाला में बुधवार को गौ माता सेवार्थ शिव पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीजी जानकीनाथ गौशाला सेवा समिति के सौजन्य से व सर्व समाज के सहयोग से होने वाली शिव पुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा। गौशाला सेवा समिति के व्यवस्थापक रतनलाल शर्मा के मुताबिक शिव पुराण कथा के दौरान कथा प्रवचन खिरोड निवासी पंडित परमेश्वर लाल गुरुकृपा करेंगे। कथा प्रवचन का समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक का रहेगा।

खोरूधाम श्याम बाबा की पदयात्रा लक्ष्मणगढ़ से 10 मार्च को

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। खोरू धाम श्याम बाबा की पदयात्रा 10 मार्च को शाम 4 बजे लक्षमनगढ से रवाना होगी। पदयात्रा के लिए खोरूधाम के महंत महन्त व सनातन धर्म मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में मीटिंग आयोजित कर समिति का गठन किया गया।

समिति के संरक्षक मंडल में सुरेश जाजोदिया, पवन डागा, बजरंग गोटेवाला, गिरधारी लाल जाजोदिया, दीनदयाल जोशी, शुभकरण पुजारी, प्रभूदयाल काबरा, शिवरतन सरावगी, गिरधारी लाल राकसिया सीकर मंडी को शामिल किया गया है। समिति में अध्यक्ष जयशंकर पुजारी, महामंत्री अमित कुमार जोशी, उपाध्यक्ष ताराचंद ठेकेदार, राकेश सेन, विक्रम सिंह तंवर, विनोद पाराशर, कोषाध्यक्ष विनोद जैन व महेंद्र सैनी को बनाया गया है जबकि कार्यकारिणी में लक्ष्मी गौतम, कुसुम शर्मा, संतोष काबरा, आशीष खाटूवाला, कमल किशोर सोनी, अनंत मिश्रा, प्रमोद सैनी, अजय मंगलुणेवाला, कमल सोनी, विनोद डीडवानिया, कमल टेलर, महेश चोटिया, मोहित, फौजी पाराशर, राम प्रसाद जडिया, उमेश पुजारी, विनोद चिरानिया, राहुल दुगोलिया, मुरारी डीडवानिया, रामअवतार ओझा, वीरेंद्र भार्गव, अजय निरानिया को शामिल किया गया है। पदयात्रा के घस्सू पहुंचने पर संजय सुनील नरेंद्र विकास निवास आनंदीलाल रामअवतार राधेश्याम रामेश्वर रणवीर भास्कर महेश गोस्वामी अरुण चौधरी के द्वारा स्वागत किया जाएगा जबकि पदयात्रा के खोरूधाम पहुंचने पर बनवारी ढाका नेमीचंद मिल सुरेंद्र मिल बीजू मिल मदन मिल विनोद श्यामोता प्रेम सिंह श्यामोता जीवन मिल सरवन सिंह सवाई सिंह भंवर सिंह राकेश सुंडा नानूराम सुंडा आदि द्वारा स्वागत किया जाएगा।

रक्तदान शिविर में 350 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ

- 'रक्तदान जरूरतमंद के लिए जीवनदान बनता है'

बगड़, (निंस)। कस्बे में लेखराज धर्मशाला में रविवार को नरेंद्र सिंह शेखावत की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत थे।

उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। हमें रक्तदान करने करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष गोविंद सिंह राठौड ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद के लिए जीवनदान बनता है। हमें खुद भी रक्तदान करना चाहिए व औरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. नत्थूसिंह शेखावत थे।

उन्होंने कहा कि रक्तदान करके हम दूसरे का जीवन तो बचाते है ही, साथ ही रक्तदाता का शरीर भी स्वस्थ रहता है। शिविर में एसएमएस अस्पताल जयपुर, सीकेआरडी अस्पताल झुंझुनूं, मेट्रो अस्पताल झुंझुनूं की टीम ने 350 यूनिट रक्त संग्रहित किया। टीम संग्रहण डॉ. कार्तिक बालाजी व डॉ. अमित जांगिड़ के निर्देशन में किया गया।

पार्षद अजय सिंह शेखावत ने आभार जताया। आदित्य सिंह शेखावत, रोहित शेखावत आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुकुंदसिंह शेखावत, महिपाल सिंह राठौड, निरंजन सिंह, संदीप सिंह, मनोहर सिंह, नरेश शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदर्शन चौमाल, वीरेंद्र सिंह राठौड, पुरुषोत्तम शर्मा, चंद्रकांत शर्मा इस्लामपुर, पार्षद सुभाष बुंदेला, मानसिंह शेखावत, वीरेंद्र सिंह, रिपुदमनसिंह, मुकेश सैनी, मनीष चौधरी, संदीप डांगी, अजय सिंह समेत अनेक लोग मौजूद थे।

सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती आज

- लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति में 55 अभ्यर्थियों ने लिया भाग जिसमें 22 अभ्यर्थियों का चयन

सीकर (निसं)।अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा सीकर ने बताया कि सभी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर भर्ती कैंप का आयोजन पंचायत समितियों पर आयोजित की जा रही है, जिसमें जीडीएक्स ग्रुप- ग्रेटर नोएडा एवं भारत सरकार के पसारा अधिनियम एक्ट 2005 के तहत ही 130 सुरक्षा जवान एवं 20 सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे।

भर्ती अधिकारी राम कृष्ण सिह ने बताया कि भर्ती शिवर में 3 मार्च सोमवार को लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति में 55 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें नाप तौल वह शारीरिक जांच के बाद 22 का चयन किया गया।

भर्ती अधिकारी राम कृष्ण सिह ने बताया कि 4 मार्च को पंचायत समिति पाटन, 5 मार्च को पंचायत समिति पलसाना, 6 मार्च को पंचायत समिति पिपराली, 7 मार्च को पंचायत समिति धोद में प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रोजगार शिविर आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति जिनकी योग्यता 10वी पास, उम्र 19 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी., वजन 52 से 96 किलों एवं सुपरवाईज़र के लिए स्नातक, कम्प्यूटर, उम्र 21 से 45 वर्ष, ऊँचाई 170 सेमी., वजन 58 से 96 किलों हो वे सभी अपनी 10वीं पास की अंकसूची, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर आफलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाईल नम्बर 9667989993 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

चयनित युवाओं को जीडीएक्स ग्रुप के ट्रेनिंग सेंटर एन.आई.एम.टी कैंपस नियर परीचौक मेट्रों स्टेशन ग्रेटर नोएडा में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित प्रमाण पत्र के साथ राजस्थान के बडे-बडे ओद्योगिक क्षेत्रों जैसे बीकानेर सोलर प्लांट जयपुर कोकाकोला, मारुति सुज़की में 15000 से 18000 हजार तक के मासिक सेलरी के साथ 58 वर्ष तक स्थाई नौकरी के साथ ही पीएफ ,पेंशन, जीवन बीमा, फेमिली मेडिकल सुविधा, सालाना वेतन में वृद्धि, लोन की सुविधा ,प्रमोशन ड्यूटी दौरान रहने व खाने की सुविधाएं दी जाएगी।

कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर

सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड़, सीकर-332001,
ई-मेल uit.sikar@rajasthan.gov.in, फोन नं. 01572-245057

क्रमांकः- न.वि.न्या/नियमन /2025/785 दिनांक 03.03 2025

प्रारुप 10 (नियम 8 (7) देखिए) आपत्ति विज्ञिप्त

निम्नलिखित आवेदक के प्रार्थना पत्र पर भू-उपयोग परिवर्तन के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन चाहने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। अतः किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति / एतराज हो तो यह सूचना प्रकाशन होने के दिनांक से 15 दिवस में असालतन व वकालतन कार्यालय नगर विकास न्यास में उपस्थित होकर मय दस्तावेज लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई नजर / एतराज समाअत नहीं किया जावेगा और आवेदकों को नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन जारी कर दिया जायेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा नं./ राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल	मास्टर प्लान 2031 में वर्तमान प्रयोजन	चाहा गया प्रयोजन
1.	जोगेन्द्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह जाति जाट निवासी ग्राम श्यामपुरा, तह. सीकर ग्रामीण जिला सीकर	1316/802 1317/802 बलरामपुरा तह. सीकर ग्रामीण	0.6444 है 0.3400 है.	परिधि नियंत्रण पट्टी	सस्थानिक (शैक्षिणक)

(जगदीश प्रसाद गौड)
सचिव नगर विकास न्यास, सीकर

प्रतिभाशाली बच्चे सम्मानित

चूरू (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में सर्राफ फाउंडेशन बेंगलुरु के सौजन्य से प्रत्येक रविवार को चल रही गीता क्लासेज में आज आचार्य जनार्दन ने बच्चों को पंचामृत, गजल गीता और द्वादश अध्याय का अभ्यास करवाया। इस दौरान बच्चों को संकीर्तन करवाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्याम सुंदर भोजक, मेघराज बजाज व संजय सिंघानिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शिखा धारण करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मोहित सिंघानिया, प्रमोद गौड, माधुरी शर्मा, दिव्या शर्मा, मीनाक्षी शर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस अवसर पर मेघराज बजाज ने इस प्रकार के कार्यक्रम के लिये आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को गीता क्लासेज में भेजने का आग्रह किया।